GANGA®
Acrowools
KNITTING YARN

GLOWING STAR GRANDE

नाप	लम्बाई– 28 इंच, चौड़ाई– 15 इंच, बाजू– 25 इंच
सामग्री	गंगा की ग्लोइंग स्टार ग्रांडे ऊन
शेड न0	82
सलाई न0	9(3.50mm) - 3(Light) व सिलने वाली सुई
कुल ऊन	430 ग्राम

पिछला भाग– 100 फंदे डालकर 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके 1 सलाई सीधी, 1 सलाई उल्टी से 20 इंच का पिछला भाग बनाकर ट शेप में 1–1 की घटाई डालकर 8 इंच का कंधा तैयार करके 28 इंच का पिछला भाग तैयार कर लें।

अगला भाग– 60 फंदे डालकर 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके डिज़ाइन शुरू करें। 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 10 फंदों का बार्डर बुनकर 3 फंदे उल्टे, 6 फंदों का केवल 3 फंदे उल्टे, 6 फंदों का केवल बुनकर सीधे–सीधे इसी प्रकार डिज़ाइन को बुनते हुए 20 इंच का अगला 1 साइड का भाग बुनकर ट शेप में 1–1 की घटाई डालकर 8 इंच का कंधा तैयार करके 25 इंच पर गले की गोल घटाई 4–3–2 की डालकर 28 इंच का 1 भाग तैयार करके बाकी के फंदों को सलाई पर रखकर 1 भाग तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड का भी भाग तैयार कर लें।

बाजू– 46 फंदे डालकर 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके डिज़ाइन शुरू करें। स्वेटर वाला डिज़ाइन बाजू पर भी शुरू करके बाजू को बुनते हुए 6–6 सलाई के बाद 1–1 फंदा बढ़ाते हुए बाजू को 22 इंच बनाकर V शेप में 1–1 की घटाई डालकर 25 इंच की 1 बाजू बनाकर फंदों को सलाई पर रखकर इसी प्रकार दूसरी साइड की भी बाजू को बनाकर फंदों को सलाई पर रख लें।

गला– गले के लिए आप चारों भागो के फंदों को उठाकर 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 2 इंच का बार्डर बनाकर फंदों को बंद करके गोल गला तैयार कर लें। इस प्रकार आपका स्वेटर तैयार हो जाएगा।

BEANIE

नाप	लम्बाई– 9 इंच
सामग्री	गंगा की बीनी ऊन
शेड न0	BNE012
सलाई न0	3(6.5mm) - 5(Bulky) व सिलने वाली सुई
कुल ऊन	100 ग्राम

कैप– 52 की चेन बनाकर प्रिंटेड ऊन से चेन में ट्रे. भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। दूसरी पंक्ति में भी प्लेन लाइन से ट्रे. भर लें। तीसरी पंक्ति में 2 ट्रे., 2 चेन, 2 ट्रे. से डिज़ाइन को बुनते हुए 8 इंच की कैप बनाकर अब आप ट्रे. को घटाते हुए 9 इंच की कैप तैयार कर लें। इस प्रकार आपकी कैप तैयार हो जाएगी।